ऐ बाबा तेरे दर पे तेरे दीवाने हैं | By Sunny Hari |

ऐ बाबा तेरे दर पे
तेरे दीवाने हैं
कृपा की थोड़ी सी भीख
लेने आए हैं
ऐ बाबा तेरे दर पे
तेरे दीवाने हैं

जो भी माँगे तुमसे बाबा
उसको सब देते हो
खाली दामन को ऐ बाबा
खुशियों से भरते हो
लाखों हजारों तुमसे बाबा
माँगने आए हैं
ऐ बाबा तेरे दर पे
तेरे दीवाने हैं

मन मंदिर में तुम ही तुम हो
और ना कोई बाबा
हार के जग से द्वार पे तेरे
आया हूँ मैं बाबा
मन की बातें आपसे
हम बतलाने आए हैं

ऐ बाबा तेरे दर पे
तेरे दीवाने हैं
कृपा की थोड़ी सी भीख
लेने आए हैं
ऐ बाबा तेरे दर पे
तेरे दीवाने हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%90-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%b0-%e0%a4%aa%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be/